# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2022 -2021)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र                                                                                      सेट-2

| कक्षा10- | विषय‘ हिंदी -ए’ | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक40- |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-:**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या है 40।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक निर्धारित हैं 1।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

**खंड ) ’क‘अपठित बोध(**

**निर्देशतक के लिए सही विकल्प 5-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या -: का चयन करें।**

स्वावलंबन का अर्थ है अपना अवलंब अर्थात आश्रय या सहारा आप बनना। किसी दूसरे पर बोझ ना बन कर या निर्भर अर्थात आश्रित ना रहकर अपने आप पर निर्भर या आश्रित रहना, संसार में परावलंबी यानी दूसरों पर आश्रित हो या निर्भर रहना एक प्रकार का पाप और हीन कर्म है।यह आदमी के बाहरी और भीतरी व्यक्तित्व को एकदम हीन और बौना बना कर रख देने वाला हुआ करता है। पराश्रित या परावलंबी को हमेशा आधार देने वालों के अधीन बनकर रहना पड़ता है, उनके इशारों पर नाचने की बाध्यता और विवशता रहा करती है। उनकी अपनी इच्छा होने पर भी उसका कोई मूल्य और महत्व नहीं रहा करता। आत्मनिर्भर व्यक्ति ही सही अर्थों में

जान पाता है कि दुख पीड़ा क्या होती है? और मान सम्मान किसे कहते हैं? व्यक्तित्वहीन जीवन वास्तव में निरीह पशु और कीड़े मकोड़े से अधिक महत्त्व  नहीं रखा करता

01. स्वावलंबन का क्या अर्थ है?

A. दूसरे पर आश्रित रहना

B. अपना सहारा स्वयं बनना

C. खुश नहीं रहना

D.दुख पीड़ा सहना

02. परावलंबी कैसे लोग होते हैं ?

A.दूसरों पर आश्रित

B.दूसरों पर आश्रित न रहने वाले

C.सुखी रहने वाले

D.अपना सहारा स्वयं बनने वाले

03. परावलंबी किसके अधीन बनकर रहते हैं?

A. आश्रय देने वालों के

B.आश्रय नहीं देने वालों के

C. आत्मनिर्भर व्यक्ति के

D. इनमें से कोई नहीं

04.दुख, पीड़ा और मान-सम्मान का महत्व कौन समझ सकते हैं?

A. परावलंबी व्यक्ति

B.अभिमानी व्यक्ति

C.अधर्मी व्यक्ति

D.आत्मनिर्भर व्यक्ति

05. व्यक्तित्वहीन जीवन किनके समान होता है?

A. ईश्वर के समान

B. पशु और कीड़े मकोड़े के समान

C. वीरों के समान

D. स्वावलंबी के समान

**निर्देश तक के लिए 10-6 प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या-:सही उत्तर का चयन करें।**

देख कर बाधा विविध बहु विघ्न घबराते नहीं.

काम कितना ही कठिन हो तो बताते नहीं,

भीड़ में चंचल बने जो वीर दिखलाते नहीं .

हो  गए एक आन में,उनके बुरे दिन भी भले,

सब जगह सब काल में वे ही  फूले फले, चिल्लाती धूप को जो चांदनी देवें बना,

काम पड़ने पर करें जो शेर का भी सामना।

जो कि हंस हंस के चबा लेते हैं लोहे का चना

है कठिन कुछ भी नहीं जिनके है जी मैं यह ठाना।

06. पद्यांश में किन व्यक्तियों की ओर संकेत किया गया है?

A. जो बाधाओं से घबराते नहीं B. जो अपने कर्तव्य से विमुख हैं

C. जो भाग्य के सहारे रहते हैं D. जो परिश्रम नहीं करते

07. दुख आने पर कौन घबराते हैं?

A.जो मेहनती होते हैं B.जो मेहनती नहीं होते हैं

C. जो वीर होते हैं D. जो हिम्मती होते हैं

08. समय आने पर परिश्रमी लोग किस का सामना कर लेते हैं ?

A.गीदड़ों का B. सियार का C.शेर का D. रात दिन का

09."लोहे के चने चबाना"मुहावरे का सही अर्थ है-_

A. कठिन परिश्रम करना B.भूख शांत करना

C. गंभीर संकट में फंसना D. कठिनाइयों को झेलना

10.'वीर' शब्द का विलोम है-

A. साहसी B.कायर C.हिम्मती D.बहादुर

**खंड(व्याकरण) ख-**

11. इनमें से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?

A. सोहन देर तक सोता है B.रमा पत्र लिखती है

C. मैंने उसे पुस्तक दी D.विद्यार्थी कक्षा में पढ़ रहे हैं

12.इस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है?

A. बच्ची सो रही है B.बच्चे केले खा रहे हैं

C. लड़का पत्र लिख रहा है D.वह पुस्तक पढ़ रहा है

13. इनमें से कौन 'आम' का अनेकार्थी शब्द नहीं है?

A. मामूली B. आम का फल C. साधारण D.इमली

14.'यथाशक्ति'कौन-सा समास है?

A.अव्ययीभाव समास B.कर्मधारय समास C.तत्पुरुष समास D.बहुब्रीहि

15. जिस समास में उत्तर पद प्रधान हो और पहले पद के साथ लगी हुई विभक्ति का लोप हो जाता है वहाँ कौन-सा समास होता है?

A.तत्पुरुष समास B.कर्मधारय समास C.बहुव्रीहि समास D.अव्ययीभाव समास

16.'प्रधानाध्यापक - प्रधान है जो अध्यापक' किस समास का उदाहरण है?

A.तत्पुरुष समास B.कर्मधारय समास C. अव्ययीभाव समास D. द्वंद्व समास

17. 'जब बारिश होगी तब किसान हल चलाएँगे।' रचना के आधार पर वाक्य का कौन-सा भेद है?

A. सरल वाक्य B.संयुक्त वाक्य C.आश्रित वाक्य D.मिश्र वाक्य

18.जो अव्यय दो पदों,दो उपवाक्य, दो वाक्यों को परस्पर जोड़ने का काम करते हैं वह ________अव्यय होता है ।

A.विस्मयादिबोधक B.समुच्चयबोधक C. संबंधबोधकD. निपात

19.कर्तृवाच्य के वाक्यों में कर्ता के कार्य की __________होती है ।

A.प्रधानता B.निरस्त C.सरल D.संयुक्त

20.'लड़कियाँ सो रही हैं?'-यह वाच्य का कौन-सा भेद है?

A. कर्तृवाच्य B. कर्मवाच्य C.भाववाच्य D.इनमें से कोई नहीं

**खंड(पाठ्यपुस्तक) ग-**

**निर्देश प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या-:22-14 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

फसल क्या है?

और तो कुछ नहीं वह नदियों के पानी का जादू है वह

हाथों के स्पर्श की महिमा है

भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है

रूपांतर है सूरज की किरणों का

सिमटा हुआ संकोच है हवा की धड़कन का!

21. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?

A.फसल B.अट नहीं रही है C. यह दंतुरित मुसकान D. उत्साह

22. फसल किसका जादू है?

A. नदियों के पानी का B.हवाओं की थिरकन का

C. मिट्टी के गुणधर्म का D. सूर्य की किरणों का

23.फसल किसका रूपांतर है?

A. सूरज की किरणों का B. नदी के जल का

C. किसान के हाथों का D.मिट्टी के गुण धर्म का

24. फसल किसका गुणधर्म है?

A. मिट्टी का B. जल का C. हवा का D.हाथों का

**निर्देश -:निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

25.”वज्र छिपा नूतन कविता फिर भर दो" यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?

A.उत्साह B.कन्यादान C. फसल D.अट नहीं रही है

26. ‘उत्साह’ कविता में आए ‘निदाघ’ शब्द का क्या अर्थ है?

A.अत्यधिक गर्मी B. अत्यधिक सर्दी C. अत्यधिक बरसात D. वसंत

27. गोपियों ने किसे भाग्यवान कह कर संबोधित किया है?

A. कृष्ण को B. कवि को C. उद्धव को D. ग्वालों को

28. गोपियों की दशा किस पक्षी के समान हो गई है?

A. कबूतर के समान B. हारिल के समान

C. मोर के समान D. बाज के समान

**निर्देश-:प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 293-2 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

पान वाले के खुद के मुँह पान ठूँसा हुआ था। एक काला मोटा और खुशमिजाज आदमी था ।हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी ।पीछे घूम कर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाकर बोला,कैप्टन चश्मेवाला करता है।

क्याकरता है?हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए।

चश्मा चेंज कर देता है। पानवाले ने समझाया।

क्या मतलब ?क्यों चेंज कर देता है? हालदार साहब अभी नहीं समझ पाए।

कोई गिराक आ गया समझो।उसको चोड़े चौखटचाहिएतो कैप्टन किदर से लाएगा?

तो उसको मूर्ति वाला दे दिया। उधर दूसरा बिठा दिया ।

29. प्रस्तुत अंश किस पाठ से लिया गया है?

A. नेताजी का चश्मा B.बालगोबिन भगत

C. एक कहानी यह भी D.लखनवी अंदाज

30.पानवाले ने मुँह में क्या ठूँस रखा था?

A. रोटी B. चावल C.पान D.बिस्कुट

31.पानवाला कैसा आदमी था?

A. सुंदर और ईमानदार B. काला, मोटा और खुशमिजाज

C.देशभक्त और समझदार D.देशभक्त और ईमानदार

32.नेता जी की मूर्ति पर चश्मा कौन बदलता था?

A. कैप्टन B.हालदार साहब C.पानवाला D.कोई भी नहीं

**निर्देश निम्नलिखित प्रश्नों के सही विल्कल्प का चयन कीजिए -:।**

33.बालगोबिन भगत किसको साहब कहते थे?

A. सूरदास को B.कबीरदास को C. तुलसीदास को D. रैदास को

34. पतोहू के भाई को भगत जी ने क्या आदेश दिया ?

A.पतोहू को दूसरी शादी नहीं करने का आदेश

B.पतोहू की दूसरी शादी कराने का आदेश

C. बहू को घर से बाहर नहीं निकलने काआदेश

D. इनमें से कोई नहीं

35. बालगोबिन भगत के गाँव के लोगों का मुख्य धंधा क्या था ?

A.व्यापार B. दस्तकारी C. खेती-बाड़ी D. उद्योग

36. बालगोबिन भगत के कितने बच्चे थे?

A. इकलौती बेटीB. इकलौता बेटाC. एक बेटा और एक बेटी D. एक भी नहीं

**निर्देश:- प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 37-40 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

वह थाली में दही-भात सानती और अलग-अलग तोता, मैना, कबूतर, हंस, मोर आदि के बनावटी नाम से कौर बनाकर यह कहते हुए खिलाती जाती कि जल्दी खा लो, नहीं तो उड़ जाएंगे, पर हम उन्हें इतनी जल्दी उड़ा जाते थे कि उन्हें उड़ने का मौका ही नहीं मिलता था ।जब हम सब बनावटी चिड़ियों को चट कर जाते थे तब बाबूजी कहने लगते-अच्छा ,अब तुम 'राजा' हो जाओ खेलो ।बस, हम उठकर उछलने-कूदने लगते थे ।फिर रस्सी में धा हुआ काठ का घोड़ा लेकर नंग-धड़ंग बाहर गली में निकल जाते थे ।

37.माता लेखक को क्या सान कर खिलाती थी ?

A.दाल-भात B. चूड़ा- दही C.दही-भात D. दाल-रोटी

38.खाना खाने के बाद पिताजी लेखक से क्या कहते थे?

A. बैठकर पढो B. सो जाओ

C. अब तुम 'राजा' हो जाओ खेलो D. घर के बाहर मत जाओ, पढ़ो।

39. लेखक कौन-सा खिलौना लेकर खेलने के लिए जाते थे?

A. मोटर गाड़ी B.गुड्डा- गुड़िया C.मिट्टी के खिलौने D.काठ का घोड़ा

40.इस गद्यांश में कौन-कौन सेपक्षियों के नाम आए हैं?

A. तोता, मैना, गाय, बैल B. तोता, हंस, मोर, हाथी

C.तोता, मैना, कबूतर, हंस, मोर D.ये सभी।

*****